प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट किया पेश : समावेशी विकास और मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता पर दिया गया जोर।
2. बजट में नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपये तक आय पर कोई कर नहीं : वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कर कटौती की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर की गई एक लाख रुपये।
3. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सपरिवार संगम में लगाई डुबकी : 77 देशों के राजनयिकों और विदेशी अतिथियों ने महाकुंभ मेला क्षेत्र का किया भ्रमण। और
4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में हवाई सर्वेक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा : बंसत पंचमी पर अमृत स्नान को लेकर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

—————————

कन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज संसद में केन्द्रीय बजट 2025—26 प्रस्तुत किया। यह एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इसका लक्ष्य विकास में तेजी

लाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना, निजी क्षेत्र में निवेश में वृद्धि और देश के मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता बढ़ाना है। वित्तमंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग भारत के विकास के लिए शक्ति प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता में विश्वास जताया है। वित्त मंत्री ने कहा कि नई कर व्यवस्था के अंतर्गत 12 लाख तक की आय पर कोई कर देय नहीं होगा। वेतनभोगी करदाताओं के लिए यह सीमा 75 हजार की मानक कटौती के कारण 12 लाख 75 हजार होगी। सभी करदाताओं को फायदा पहुंचाने के लिए सभी श्रेणियों में कर स्लैब और दरों में परिवर्तन करने के प्रस्ताव हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मोहम्मद आजम खां ने बजट में आयकर में मिली छूट को मध्यम वर्ग के लिये सौगात बताया है। बाइट.....

वित्त मंत्री ने स्रोत पर कर कटौती– टीडीएस की दरों और सीमाओं की संख्या कम करके उसे युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव किया है। इसके अलावा, बेहतर स्पष्टता और एकरूपता के लिए टीडीएस के लिए राशि की सीमा बढ़ाई जा रही है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कटौती की सीमा पचास हजार से बढ़ाकर एक लाख की गई है। इसी प्रकार किराए पर टीडीएस के लिए वार्षिक सीमा दो लाख चालीस हजार से बढ़ाकर छह लाख कर दी गई है। वित्त

मंत्री ने घोषणा की है कि सरकार नया आयकर विधेयक प्रस्तुत करेगी।

————————

वित्तमंत्री ने बजट में प्रधानमंत्री  धनधान्य कृषि योजना और विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम की घोषणा की, जो कम उत्पादकता वाले 100 जिलों को कवर करेगो। यह एक करोड़ 70 लाख किसानों को ग्रामीण समृद्धि बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि संशोधित ब्याज अनुदान योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लिए गए ऋण के लिए ऋण सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य तिलहन मिशन कार्यान्वित कर रही है। सरकार, अरहर, उड़द और मसूर के उत्पादन पर विशेष ध्यान देने के साथ छह वर्षीय "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" शुरू करेगी। लखनऊ के किसान अमरेन्द्र ने किसानों के लिये बजट में की गई घोषणा की सराहना करते हुए इसे बजट हितैषी बताया है। किसान बाइट.....

वित्तमंत्री ने कहा कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण सीमा 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ की जाएगी। इससे अगले 5 वर्षों में डेढ़ लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त ऋण उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि स्टार्ट–अप के लिए, ऋण सीमा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़

रुपये की गई है। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष राकेश बंसल ने बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिये किये गये ऐलान की सराहना की है। व्यापारी बाइट...

—————————

बजट में औषधि/दवाओं के आयात पर राहत देने का भी प्रस्ताव किया गया है। विशेष रूप से कैंसर, असाधारण रोगों और अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित रोगियों को राहत देने के लिए 36 जीवन रक्षक औषधियों और दवाओं को बुनियादी सीमा–शुल्क से पूरी तरह छूट प्राप्त दवाओं की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव है।

वित्तमंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों–आईआईटी में विद्यार्थियों की कुल संख्या में 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह पिछले 10 वर्षों में 65 हजार से बढ़कर एक लाख 35 हजार हो गई है। उन्होंने कहा कि आईआईटी–पटना में छात्रावास और अन्य अवसंरचना संबंधी क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। बजट में युवाओं के लिये भी कई प्रस्ताव किये गये हैं। वाराणसी की छात्रा दीक्षा वर्मा ने बजट में युवाओं के लिये किये गये प्रावधानों पर कहा कि इससे युवाओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। बाइट....युवा

—————————

वित्तमंत्री ने कहा कि उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपये की सीमा वाले विशेष क्रेडिट कार्ड शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना में पहले वर्ष में, 10 लाख काड जारी किए जाएंगे। श्रीमती सीतारमन ने कहा  कि पांच लाख महिला, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी। इससे अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ तक का सावधि ऋण उपलब्ध होगा।

बजट प्रस्तावों के अनुसार 2025–26 में ऋणों के अतिरिक्त कुल प्राप्तियां 34 लाख 96 हजार करोड़ रूपए और कुल व्यय पचास लाख 65 हजार करोड़ रूपए होने का अनुमान है। निवल कर प्राप्तियां 28 लाख 37 हजार करोड़ रूपए रहने का अनुमान है। राजकोषीय घाटा जीडीपी का चार दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने आज जो बजट प्रस्तुत किया है, वह विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। बाइट......

*प्रधानमंत्री जी ज्ञान का बजट बताकर 4 अक्षरों में इसे परिभाषित किया है। जी फॉर गरीब, वाई फॉर युवा, ए फॉर अन्नदाता एन फॉर नारी शक्ति। यानी इस 4 महत्वपूर्ण आयामों को ध्यान में रखकर एक विकसित भारत के*

*लिये आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पिछले साढ़े 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में तेजी के साथ आगे बढ़ी है। इस बजट से अर्थव्यवस्था को एक नई उड़ान मिलेगी। राज्यों के इंफ्रास्क्ट्रक्चर पर ध्यान देने के लिये जो ब्याज मुक्त लोन देने का प्रावधान किया गया है। मध्यम आय वर्ग के लिये राहत देते हुए टैक्स रिबेट में छूट देने का कदम उठाया गया है, यह सभी स्वागत योग्य है।*

वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गरीब कल्याण, युवाओं को रोजगार, महिला सशक्तिकरण और अन्नदाताओं की आय में वृद्धि को चरितार्थ करने वाला बजट है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, निम्न और मध्यम वर्ग के साथ देश के सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है।

बाइट......

*माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में जिस ढंग से केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने बजट प्रस्तुत किया है उसमें किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। किसानों के साथ–साथ युवाओं, महिलाओं नौजवानों, व्यापारियों, मध्यम वर्ग, निम्न वर्ग इसके अलावा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट है। पहली बार किसानों को कई ममालों में उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाला बजट है। इसके अलावा इनकम की भी लिमिट बढ़ाई गई है। हम कह सकते हैं कि यह देश की जीडीपी को बढ़ाने वाला बजट है और सबसे बड़ी बात यह है कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है।*

वहीं विपक्षी दलों ने बजट की आलोचना की है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के पास

विकास का विजन नहीं है, बजट ने देश की बड़ी आबादी को निराश किया है। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा है कि बजट राजनैतिक स्वार्थ से प्रेरित और देश तथा आम लोगों के हित में नहीं है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज प्रयागराज में महाकुंभ का दौरा किया और त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। श्री धनखड़ ने अपने परिवार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। पत्रकारों से बात करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि भारत में ऐसा आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाएं अत्यंत सराहनीय हैं।

बाइट......

महाकुंभ में आज मिशन प्रमुखों, मिशन प्रमुखों के जीवनसाथियों और 73 देशों के राजनयिकों सहित 118 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया। उन्होंने संगम में पवित्र डुबकी लगाई, साथ ही अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर का भी दौरा किया। अतिथियों ने डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र में आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ के बारे में जानकारी प्राप्त की।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज शहर का हवाई सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी सड़कों का मुआयना किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद श्री योगी संगम नोज पर पहुंचे, जहां मौनी अमावस्या को अमृत स्नान के दौरान दुर्घटना हुई थी। उन्होंने महाकुंभ मेला से जुड़े अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की और श्रद्धालुओं के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने बंसत पंचमी पर अमृत स्नान को लेकर संगम पर की जा रही व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री आज महाकुंभ में संतों के पट्टाभिषेक के लिये आयोजित धर्म सभा कार्यक्रम में भी शामिल हुए और उन्होंने संतों का आशीर्वाद लिया। श्री योगी ने सनातन धर्म

को आगे बढ़ाने के लिये संतों का अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही मानव धर्म है।

(समाप्त)